Regarding need to fill up vacant posts in various departments in Union Territory of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu-Laid

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल **(**दमन और दीव**) :** मुझे सरकार का यह करते हुए अत्यंत खेद है कि यूटी प्रशासन of DNH & DD की ढिलाई के चलते प्रदेश के सैंकड़ों युवाओं की महत्वकांक्षाओं का कईं वर्षों से हनन हो रहा है । प्रदेश के अनेक योग्य, पढ़े लिखे युवा सरकारी नौकरी की उम्मीद मे हर वर्ष आवेदन पत्र भरते हैं । हालांकि प्रशासन की ढिलाई के चलते इन नौकरियों के लिए समय पर भर्ती नहीं कराई जाती है । इस कारण से कईं उम्मीदवार over - age हो चुके हैं । ऐसे तो शिक्षा, हेल्थ सहित कईं विभागों की बहुत सारी नौकरियां खाली पड़ी हुई हैं पर सन 2019 एवं 2020 मे जारी किये गए नोटिफिकेशन के तहत DNH और DD मे LDC व अन्य पदों की करीबन 80 भर्तियां की जानी थी । तब से अब तक इन पदों के लिए कोई परीक्षा नहीं कराई गयी है । मैं माँग करता हूँ कि प्रदेश के खाली पड़े सारे के सारे पदों पर नियमित भर्ती कर के युवाओं के रोज़गार साथ न्याय किया जाये । साथ ही यह भर्तियां स्थानीय लोगों के लिए Domicile अनिवार्य कर भरी जाए ।